No. of Printed Pages : 4

बी.एच.डी.एफ.-101

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2013

55584

बी.एच.डी.एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

1. निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्याय लिखिए : 5
वायु, मनुष्य, किसान, किनारा, सूर्य

2. निम्नलिखित शब्दों का **संधि-विच्छेद** कीजिए : 5
महोत्सव, सूर्योदय, अत्याचार, प्रत्युत्तर, स्वागत

3. निम्नलिखित **मुहावरों** का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 5
(क) एक पंथ दो काज
(ख) ढाक के वही तीन पात

4. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : 10
(क) विस्थापन की समस्या
(ख) अवैध खनन से बढ़ता पर्यावरण असंतुलन
(ग) मेरा प्रिय खेल
(घ) निरक्षरता एक अभिशाप

5. बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से एक प्रभावपूर्ण विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

6. निम्नलिखित **गद्यांश** को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए **प्रश्नों** के **उत्तर** दीजिए : 5

मौसम में बदलाव और भीषण बिमारियों के फैलने से वैज्ञानिकों ने चिंतित होकर खोज की तो उन्हें प्रदूषण ही उसका एकमात्र कारण ज्ञात हुआ।

प्रदूषण की यह समस्या देशव्यापी है। विकसित देशों में बड़े पैमाने पर कल - कारखाने और तेज वाहनों के कारण प्रदूषण बहुत बढ़ गया है। इसी प्रकार, विकासशील देशों में भी नित्यप्रति नए-नए कारखानों और वाहनों के कारण प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। इसलिए विश्व के सभी देश मिल-जुल कर प्रयत्न कर रहे हैं कि जितनी जल्दी हो सके प्रदूषण को नियंत्रित किया जाए जोहान्सबर्ग में 2002 ई.के अगस्त माह में धरती को प्रदूषण से बचाने के लिए जिस पथ्वी सम्मेलन का आयोजन हुआ, उसमें प्रदूषण की समस्या पर चिंता व्यक्त की गई। प्रदूषण की मात्रा यदि इसी गति से बढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं जब हमारी धरती से जीवन ही लुप्त हो जाएगा।

बढ़ते हुए प्रदूषण पर नियंत्रण पाने का मतलब यह कदापि नहीं है कि हम कल-कारखानों को बंद कर दें, यातायात के साधनों का उपयोग न करें और पाषाण युग में लौट जाएँ, विज्ञान के चमत्कारों और प्रोद्योगिकी का उपयोग ना करें। वास्तव में समस्या का हल निरंतर हो रहे विकास को रोकने में नहीं है, बल्कि युक्तिसंगत

समाधान खोजने में है। इसके लिए हम प्रकृति से तालमेल रखें। अपनी धरती को हरा-भरा बनाए रखें। यह प्रयास करें कि प्रकृति का भंडार भरा रहे।

प्रश्न :

(क) मौसम के बदलाव और भीषण बीमारियाँ फैलने का क्या कारण ढूँढ़ा गया है?

(ख) विकसित देशों में प्रदूषण बढ़ने के क्या कारण हैं?

(ग) यदि प्रदूषण पर नियंत्रण न किया गया, तो इसके क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं?

(घ) हम प्रदूषण रोकने में किस प्रकार सहयोग दे सकते हैं?

(ङ) क्या पर्यावरण पृथ्वी का रक्षा - कवच है?

7. निम्नलिखित में से **किसी एक** का आशय लगभग 200 शब्दों में लिखिए : 5

(क) अस्पृश्यता का ऐसा माहौल कि कुत्ते बिल्ली, गाय-भैंस का छूना बुरा नहीं था लेकिन यदि चूहडे का स्पर्श हो जाए हो पाप लग जाता था। सामाजिक स्तर पर इन्सानी दर्जा नहीं था। वे सिर्फ जरूरत की वस्तु थे। काम पूरा होते ही उपयोग खत्म। इस्तेमाल करो, दूर फेंको।

(ख) दीपक के जलने में आली
फिर भी है जीवन की लाली
किंतु पतंग-भाग्य लिपि काली
किसका वश चलता है?
दोनों ओर प्रेम पलता है।

8. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 - 200 शब्दों में लिखिए : 5x2=10

(क) मुनाफाखोरी और धर्म के संबंध पर 'वैष्णव की फिसलन' के माध्यम से आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए।

(ख) 'पूस की रात' कहानी के माध्यम से किसान जीवन के कटु-यथार्थ की चर्चा कीजिए।

(ग) 'बहुत बड़ा सवाल' एकांकी में किन सवालों को उठाया गया है ?

(घ) महादेवी के काव्य में अभिव्यक्त स्त्री जीवन यथार्थ की चर्चा कीजिए।